E Mail I.D.:- cfgarhwalp@gmail.com/cfgarhwal555@gmail.com , Phone & Fax :- 01368-222566

कार्यालय वन संरक्षक, गढ़वाल वृत्त, उत्तराखण्ड, पौड़ी।

पत्रांकः— 1301 / 12-1 , दिनांक, पौड़ी, जनवरी, 22 2025.

सेवा में,

प्रभागीय वनाधिकारी,
बद्रीनाथ वन प्रभाग, गोपेश्वर।

विषयः— जनपद चमोली के अन्तर्गत कुलिंग से दिदिना मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 6.459है0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यो हेतु लोक निर्माण विभाग को हस्तान्तरण प्रस्ताव। (FP/UK/Road / 145990 / 2021)

संदर्भः— आपका पत्रांक 2373 / 12—1 दिनांक 09.12.2024

महोदय,

उपरोक्त सन्दर्भित पत्र से आपके द्वारा प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी वन संरक्षण उत्तराखण्ड देहरादून के पत्रांक 292 / 12—1 दिनांक 01.07.2024 से चाही गई सूचना इस कार्यालय को प्रेषित की गई है, का अवलोकन करने पर निम्नांकित कमियाँ हैं—

1— बिन्दु सं0—4 में Wildlife Management Plan में अपेक्षित था कि प्रभावित क्षेत्र में पाई जाने वाली वन्यजीव प्रजातियों का ब्यौरा प्रस्तुत करते, तथा उन पर सम्भावित कुप्रभावी कारकों का विश्लेषण कर उनके समुचित निराकरण की दिशा में सुविचारित प्रस्ताव प्रेषित करते। आपके द्वारा प्रेषित प्रस्ताव में 1 है0 क्षेत्र में Enrichment plantaion कार्य वर्णित किया गया है जिसमें न तो क्षेत्र चयन स्पष्ट किया गया है, न ही रोपित की जाने वाली प्रजातियों के बारे में वर्णित है, और ना ही किसी प्रकार की दीर्घकालिक एवं लाभकारी निष्कर्ष की सम्भावना प्रस्तुत की गई है।

- 3 वर्षो तक Kala Bansa, Gajar Ghas, Lantana को काटकर हटाने का कार्य वर्णित किया गया है परन्तु खरपतवार को हटाए जाने से खुली वन भूमि को किस प्रकार समुचित प्रबन्धित किया जाए इस विषय में कोई विचार प्रस्तुत नहीं किया गया है। इस प्रकार खरपतवार उन्मूलन का यह कार्य 3 वर्षो के उपरान्त निरर्थक एवं निष्प्रभावी होने की प्रबल सम्भावना है। उचित होगा कि उक्त क्षेत्र में खरपतवार हटाकर स्थानीय घास, फलदार झाडी प्रजातियों (घिंघारू, हिसालू, बेर, किलमोड़ा भमौरा आदि) का रोपण किया जाए। इससे वन्यजीवों के निमित्त भोजन उपलब्धता बढ़ेगी।
- Wildlife Management Plan में आपके द्वारा Binocular क्रय करने हेतु प्रस्तावित किया गया है। आपके वन प्रभाग में दूरबीनों की पर्याप्त संख्या उपलब्ध है, ऐसे में नई दूरबीनों के क्रय से वन्यजीव प्रबन्धन में किस प्रकार गुणात्मक प्रभाव पड़ेगा यह स्पष्ट नहीं हो रहा है। इसके स्थान पर ऐनाइडर, स्ट्राव लाईट आदि क्रय कर खेती सुरक्षित करने की दिशा में कार्य प्रस्तावित करें।
- Awareness Promotion के सम्बन्ध में प्रभाग को अन्य विभिन्न योजनाओं से पर्याप्त धनराशि आवंटित होती है, ऐसे में इस प्रस्तावित Wildlife Management Plan की कुल धनराशि का लगभग 10% से अधिक धनराशि का उपयोग दीर्घकालिक वन उन्नति के कार्य में योजित करना अधिक श्रेष्ठ होगा। अतः इस धनराशि से वन क्षेत्र में चारापत्ती / जंगली फलदार पौधा (तिमला, दाड़िम, कॉफल, स्थानीय रूप से पाई जाने वाली अन्य फॉइकस प्रजातियॉ) की न्यूनतम 2.5 फीट की पौधा का पर्याप्त दूरी के अनुसार बडी मात्रा में रोपण कार्य प्रस्तावित करें।

आपके द्वारा प्रेषित Wildlife Management Plan को इस आशय से लौटाया जाता है कि उपरोक्त अंकित टिप्पणियों के आलोक में सुविचारित प्रस्ताव गठन कर पुनः प्रेषित करें।

Soil Moisture Conservation Plan जो परियोजना की कुल लागत का 0.5 प्रतिशत होता है, का प्लान बनाकर प्रेषित किया गया है, जिसके अन्तर्गत आपके द्वारा 8 चाल—खाल एवं 4 चैकडैम के कार्य प्रस्तावित किए गए हैं। उक्त क्षेत्र में बांज की अधिकता है जिसमें नमी बनी रहती है, ऐसे में 8 चाल—खाल का निर्माण औचित्यहीन प्रतीत होता है। उचित होगा भू—क्षरण रोकने के कार्यों पर ध्यान केन्द्रित किया जाए।

क्रमशः पेज 02 पर

//Jaideep//

Ok

E Mail I.D.:- cfgarhwalp@gmail.com/ fgarhwal555@gmail.com , Phone & Fax :- 01368-222566

अतः प्रभावित क्षेत्र मे पुनरीक्षण कर भू–क्षरण के प्राथमिक चरण के नालों को चयन कर उनमें भूस्खलन के प्रारम्भिक चरण मे ब्रशवुड, आर.आर. चैकडैम का site specific plan (स्थल विशिष्ट) जी0पी0एस0 विवरण के साथ प्रस्तावित करे।

2– बिन्दु स0–8 में मलवा निस्तारण स्थल के वृक्षों का पातन किसी भी दशा मे नहीं किया जाएगा में प्रभागीय वनाधिकारी के हस्ताक्षर नही किये गए है।

संलग्नकः– प्रस्ताव की 03 प्रतियॉ।

भवदीय,

(आकाश कुमार वर्मा)
वन संरक्षक
गढवाल वृत्त,उत्तराखण्ड पौडी।

//Jaideep//